प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 01.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि शीतकालीन सत्र केवल एक परम्परा ही नहीं बल्कि यह भारत को विकास की ओर ले जाने के प्रयासों को बल देता हैं संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की आर्थिक उन्नति की गति भारत को विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर बढ़ने का नया आत्मविश्वास देगीं

......

इस बीच संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआं सुबह 11 बजे से शुरू हुई लोकसभा की कार्यवाही में स्पीकर ओम बिरला सहित सदन ने अभिनेता धर्मेंद्र, कर्नल सोना राम चौधरी, प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा और रवि नाइक के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कीं सदन में उनकी याद में एक मिनट का मौन रखा गयां लोकसभा में प्रश्नकाल शुरू होने पर विपक्षी सांसदों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर नारेबाजी शुरू कर दीं श्री बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों के व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त कीं उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही बाधित करना उचित नहीं हैं इस अपील के बावजूद सांसदों ने विरोध जारी रखा, जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दीं गौरतलब है कि इस सत्र में 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगीं इस दौरान 13 विधेयक पारित होने के लिए पेश किये जायेंगें

00000

सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ आज अपना स्थापना दिवस मना रही हैं यह विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक और भारत का प्रमुख सशस्त्र पुलिस बल है, जिसका गठन 1 दिसम्बर 1965 को हुआ थां इसका उद्देश्य सीमाओं की रक्षा करना और अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को रोकना हैं यह दिन बल के सभी जवानों के समर्पण और बलिदान को नमन करने के लिए मनाया जाता हैं

00000

आज विश्व एड्स दिवस हैं यह दिन एड्स रोग को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूकता फैलाने और सामाजिक झिझक को दूर करने के उद्देश्य से मनाया जाता हैं इस मौके पर आज प्रदेश में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं भीलवाडा में चिकित्सा विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में नुक्कड सभाएं आयोजित कर लोगों को एड्स के बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा हैं सवाईमाधोपुर में स्वयंसेवी संगठनों की ओर से संगोष्ठी सहित कई कार्यक्रम हो रहे हैं बाडमेर में जागरूकता रैली निकाली जा रही हैं पाली में राजकीय बांगड अस्पताल से शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए जनजागरूकता रैली निकाली गईं भरतपुर में प्रभात फैरी निकाली गईं इस दौरान एचआईवी पीडितो के साथ समानता, सहयोग और सम्मानपूर्ण व्यवहार करने का आह्वान किया गयां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में अपील की है कि नागरिक विश्व एड्स दिवस पर संकल्प लें कि, एड्स के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाकर, जीवन बचाएं

0000

गर्भवती तथा धात्री महिलाओं में एनिमिया प्रबंधन के लिए प्रदेश में आज से पिंक पखवाडा मनाया जा रहा हैं 15 दिसम्बर तक चलने वाले इस पखवाडे में आशा सहयोगिनी और एएनएम ऐसी महिलाओं की सूची तैयार करेंगी जिनका हिमोग्लोबिन स्तर 5 से 9 ग्राम के बीच हैं इस बीच पख्वाडे के तहत झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में भर्ती चिन्हित महिलाओं को फेरिक कार्बौक्सी माल्टोज–एफसीएम के इंजेक्शन लगाये गयें यइ इंजेक्शन आयरन सप्लीमेंट है जो आयरन के स्तर को तेजी से बढाता है और एनिमिक गर्भवती महिलाओं के इलाज में उपयोगी हैं

00000

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–आरएएस 2024 के पहले चरण के साक्षात्कार आज से शुरू हो रहे हैं ये साक्षात्कार बारह दिसंबर तक होंगें आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि साक्षात्कार पत्र पहले ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं कुल एक हजार 96 पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा में चार सौ अठाईस पद राज्य सेवाएं और 668 पद अधीनस्थ सेवाओ के हैं गौरतलब है कि मुख्य परीक्षा का आयोजन 17 और 18 जून को किया गया थां

0000

रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघिन टी–2307 ने तीन शावकों को जन्म दिया हैं वन मंत्री संजय शर्मा ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की हैं कुछ दिन पहले गश्त के दौरान वनकर्मियों ने बाघिन को शावकों के साथ देखा था, लेकिन तस्वीर नहीं होने के कारण पुष्टि नहीं हो सकी थीं वन विभाग के अनुसार शावकों की उम्र करीब ढाई से तीन माह के बीच हैं

00000

दिसम्बर की दस्तक के साथ ही प्रदेश में सर्दी का असर बढ गया हैं कई जिलों में रात के तापमान में कमी आई पिछले 24 घंटों में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस लूणकरणसर में रिकॉर्ड हुआं फतेहपुर के शेखावाटी में 6 दमशलव 5, पिलानी में 7 दशमलव 2, अलवर में 8, सीकर में 8 दशमलव 5, झंझुनूं में 9 दशमलव 3, दौसा में 9 दशमलव 4, सिरोही में 10 और राजधानी जयपुर में 13 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआं मौसम विभाग ने 3 और 4 दिसम्बर को शेखावाटी क्षेत्र के कई इलाकों में शीतलहर चलने का येलो अलर्ट जारी किया हैं

0000